pan>

Title: Issue regarding alleged irregularities in under construction subway near Gate Number-42 on Pune-Lonawala railway line.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र में पुणे से लोनावला तक रेलवे लाइन के अंतर्गत कामशेट के करीब गेट नंबर – 42 पर रेलवे विभाग द्वारा सबवे निर्माण का कार्य चालू है । इस सबवे का निर्माण कार्य शुरू किए जाने से पूर्व यहां का ठीक से सर्वे नहीं किया गया । इस सबवे से लगती हुई इंद्राणी नदी है, जिसका पानी पूरी तरह से सबवे में आता है ।

जहां गेट नंबर – 42 है, वहां कामशेट से लगे हुए 10-12 गांव हैं । उन गांवों से लोग आवागमन करते हैं । इस सबवे का काम ठीक तरह से न होने के कारण इस रास्ते से जाने वाले लोगों को दिक्कत होती है । स्कूल के बच्चे और गांवों में आने-जाने वाले नागरिकों को कई सारी दिक्कतें होती हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि यह पूरा काम ठीक से न होने के कारण या उचित मापदंडों से सर्वे न होने के कारण लोगों को जो दिक्कतें होती हैं, उनके लिए इस पूरे सर्वे की जांच की जाए । रेलवे विभाग द्वारा जो ऐसे कार्य किए जाते हैं, वे पूरी तरह से ठीक न होने से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ती हैं । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस पूरे कार्य की रेलवे विभाग द्वारा सर्वे करके या जांच करके, जो यह गलत कार्य हुआ है, इसकी फिर से जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए । धन्यवाद ।